हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 44 .8 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

10 नगर परिषद संघ से जुड़े चार कर्मचारी भूख हड़ताल पर



12 तैराकी चैंपियनशिप में स्कॉलर ब्राइट ने जीते पदक





## खबर संक्षेप



### ट्रेन की चपेट में आया एक और सांड

**गन्नौर।** रेलवे स्टेशन के समीप एक और सांड की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना के बाद जीआरपी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार, गोरक्षा दल से लक्की वत्स, गोकुल भारद्वाज, ऋतिक सैनी, अंकुश मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक सांड को जेसीबी मंगवाकर जमीन में दबवाया। गोरक्षा दल के सदस्यों ने रेलवे प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही की वजह से गोवंश लगातार रेल हादसों का शिकार हो रहे हैं। एक सप्ताह पहले भी सांड ट्रेन की चपेट में आया था।

### मिगलानी कॉलोनी से 12 वर्षीय बच्चा लापता

**गोहाना।** शहर में मिगलानी कालोनी से 12 साल का वंश लापता हो गया। मां ने पुलिस के शिकायत दी। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। मूल रूप से विष्णु नगर की मनीषा इस समय किराये पर मिगलानी कालोनी में रहती है। उसकी बड़ी बेटी पति के साथ गांव आटा में रहती है। उसका बेटा वंश उसके पास रहता है जो 10 मई को सुबह एक व्यक्ति के घर जाने के लिए बोलकर गया था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। मनीषा ने आशंका जताई की उसके बेटे को अज्ञात ने बंधक बना लिया है। पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर लगने से महिला घायल

**गन्नौर।** सोनीपत जा रहे बाइक सवार मां-बेटे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायल महिला किताबो देवी को बेटे रिंकू ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। परधाना निवासी रिंकू ने गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी मां के साथ बाइक से सोनीपत जा रहा था। जब वे पुगथला से आगे नहर पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### स्वयंसेविकाओं को दी गई सिविल डिफेंस ट्रेनिंग



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस की यूनिट-1 व 2 द्वारा स्वयंसेविकाओं की सिविल डिफेंस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्राचार्या गीता ने छात्राओं को देश के प्रति समर्पण भाव रखने व समय आने पर लोगों की सहायता करने के लिए जागरुक किया। सीनियर एनएसएस वॉलंटियर प्रियांशु ने स्वयंसेवकाओं को नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया। इस ट्रेनिंग का आयोजन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर दीपशिखा व डा. आशा रानी मौजूद रही।

### युवक की हत्या मामले में आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने शहर में गोली मारकर युवक की हत्या में संलिप्त आरोपित गांव ईशापुर खेड़ी के रोहित उर्फ आशीष को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस इस वारदात में पहले मुख्य आरोपित ईशापुर खेड़ी के विशाल को गिरफ्तार कर चुकी है। मूल रूप से गांव ईशापुर खेड़ी का अजय परिवार के साथ गोहाना में किसान कॉलोनी में रहता था। वह 12 मई को पत्नी के साथ बेटी को निजी अस्पताल में चिकित्सक से दवा दिलाने के लिए लाया था। पत्नी बेटी को लेकर अस्पताल जाने लगी और अजय स्कार्पियो में बैठा था। उसी समय कार में सवार तीन युवक आए थे, जिनमें से दो ने उतरकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। अजय के बड़े भाई अशोक की शिकायत पर शहर थाना में 15 नामजद के विरुद्ध केस दर्ज किया था।

---

दमकल विभाग में ठेका प्रथा को खत्म करने व कर्मियों को पक्का करने की मांग

# गोहाना में नगर परिषद संघ से जुड़े चार कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित नगर परिषद कर्मचारी संघ से जुड़े चार कर्मियों ने शुक्रवार को भूख हड़ताल की। कर्मी नगर परिषद (नप) कार्यालय के गेट के सामने बैठे। दोनों संघों के नेताओं ने सरकार से कर्मियों की मांगों को पूरा करने की मांग की। भूख हड़ताल संघ की गोहाना इकाई की अध्यक्ष नन्ही देवी, सुनीता, होशियार व नरेश ने की। इनके समर्थन के लिए सीटू के केंद्रीय कमेटी के नेता आनंद शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव और आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के सब अर्बन सब डिवीजन यूनिट के अध्यक्ष पवन शर्मा राम दिया व कच्चे कर्मचारियों के अध्यक्ष जोगेंद्र शर्मा पहुंचे। संघ के नेताओं ने शहरी स्थानीय निकाय की इकाइयों और दमकल विभाग में ठेका प्रथा को खत्म करके कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के साथा बढ़ती आबादी के हिसाब से पद सृजित करने की मांग की।



गोहाना। भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल अब 20 मई की बजाए 9 जुलाई को होगी



**गोहाना।** सर्व कर्मचारी संघ व सीटू की संयुक्त बैठक शुक्रवार को जींद मार्ग स्थित कमेटी पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षताा आशा वर्कर यूनियन की जिला उपाध्यक्ष सविता मलिक और सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव ने की। मुख्य वक्ता के तौर पर सीटू के केंद्रीय कमेटी के नेता आनंद शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगें पूरी करवाने के लिए केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होनी थी। देश के वर्तमान हालात को देखते हुए इस हड़ताल के समय पर परिवर्तन किया गया है। अब यह हड़ताल को 9 जुलाई को होगी जिसमें लाखों की तादाद में कर्मचारी भाग लेंगे।

# नशे के प्रतिबंधित 130 इंजेक्शन के साथ गांव मुंडलाना का युवक गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) रोहतक की टीम ने इंडियन कॉलोनी क्षेत्र से एक युवक को 130 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन (पेंटाजोसिन) के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप निवासी मुंडलाना का है। जो नशीले इंजेक्शन पिट्ठू बैग में भरकर किराये के मकान में ले जा रहा था। एसआई जयवीर सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि प्रदीप अपने किराए के कमरे से नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए जा रहा है। सूचना के आधार पर तुरंत रेड की गई और इंडियन कॉलोनी के पास प्रदीप को बैग सहित दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उसके बैग से 26 पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 130 नशीले इंजेक्शन पाए गए। पूछताछ में प्रदीप इन इंजेक्शनों का कोई लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बरामद इंजेक्शन जब्त कर लिए गए हैं।



सोनीपत। गिरफ्तार आरोपित टीम के साथ।

## नकाबपोश हमलावरों ने दुकानदार को लाठी-डंडो से पीटा

**खरखौदा।** शहर के गोपालपुर मोड़ पर एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार पर चार नकाबपोश हमलावरों ने लाठी डंडों से हमला किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि हमलावर स्कॉर्पियो गाड़ी में आए थे। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। खरखौदा के गोपालपुर मोड पर बिजली के सामान की दुकान चलाने वाले सुनील कुमार ने पुलिस को शिकायत में बताया है कि वह वार्ड नंबर 4 खरखौदा में रहता है। उन्होंने बताया कि वह अपनी मित्तल इलेक्ट्रॉनिक्स नामक दुकान में अपने सहकर्मी धर्मबीर सैनी के साथ बैठे थे। दोपहर करीब 3 बजकर 20 मिनट पर एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो, जिसके शीशे काले थे और नंबर प्लेट कपड़े से ढकी हुई थी, दिल्ली चौक की तरफ से आकर दुकान के सामने रुकी। जिसमें से 4 युवक मुंह ढके हुए और हाथों में लकड़ी के डंडे लेकर दुकान में घुस आए। उन्होंने अचानक हमला कर दिया और उसे पीट-पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सुनील कुमार को उपचार के लिए खरखौदा के उपमंडल नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया।

## फैमिली आईडी को ठीक करवाने आए बुजुर्ग से मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में सेक्टर-15 स्थित अटल सेवा केंद्र पर फैमिली आईडी ठीक करवाने पहुंचे बुजुर्ग से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। सेक्टर-15 निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि 14 मई की शाम करीब 7 बजे वह अटल सेवा केंद्र, राजू डेयरी के पास, सेक्टर-15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में फैमिली आईडी ठीक कराने गया था। वहां काम करने वाले सचिन से उन्होंने आईडी ठीक करने को कहा। इस पर सचिन गुस्से में तेज आवाज में बोलने लगा। बुजुर्ग ने बताया कि वह वापस अपनी स्कूटी की ओर जाने लगे तो सचिन ने रास्ता रोक लिया। उस पर थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

### लोगों ने छुड़वाया

वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसे छुटवाया। बुजुर्ग का आरोप है कि सचिन ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 126(2), 351(3) के तहत सेक्टर-27 थाना में केस दर्ज किया। जांच अधिकारी एसआई विकास ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## सैनिकों के सम्मान में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा ने जिला गोहाना में प्रस्तावित 17 मई की तिरंगा यात्रा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा नेताओं ने समीक्षा बैठक की। भााजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने बताया कि तिरंगा यात्रा सुबह 9 बजे शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय से शुरू की जाएगी। यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। तिरंगा यात्रा के संयोजक हलका बरोदा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कहा कि सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा अति भव्य होगी। सैनिक हमारे राष्ट्र का गौरव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पूरा राष्ट्र है। बैठक में डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, सत्यवान दुभेटा, डॉ. रमेश कश्यप, महेंद्र चिड़ाना, डॉ. राममेहर राठी, मुकेश रोहिल्ला, विकास जसराना और रामबीर पूनिया उपस्थित रहे।



गोहाना। बैठक में तिरंगा यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पार्टी नेता।

## लड़सौली में घरेलू कलह के चलते महिला ने फंदा लगाकर जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लड़सौली गांव में घरेलू कलह से परेशान होकर एक 28 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान आरती के रूप में हुई है। दातौली गांव की रहने वाली आरती का विवाह लड़सौली निवासी विकास के साथ हुआ था। स्वजन ने बताया कि आरती घरेलू कलह के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रही थी, जिसके चलते उसने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए स्वजन को सौंप दिया। स्वजन के बयान दर्ज कर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए 174 की कार्रवाई की है।



गन्नौर। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस कार्रवाई करते हुए।

- पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचाया

## डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का चार्ज अब क्यूआर कोड से दिया जाएगा

**सोनीपत।** नगर निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का चार्ज अब क्यूआर कोड व अधिकृत स्लिप से किया जाने का प्रावधान कर दिया गया है। निगम क्षेत्र से डोर-टू-डोर कूड़ा उठान करने वाली कंपनी जेबीएम के पदाधिकारियों ने बताया कि कचरा प्रबंधन शुल्क की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में एक अहम पहल शुरू की है। अब नागरिकों को केवल वही शुल्क स्लिप स्वीकार करने की सलाह दी है, जिनमें जेबीएम का अधिकृत लोगो और क्यू आर कोड अंकित होगा।

इससे न केवल भुगतान प्रक्रिया डिजिटल और आसान होगी बल्कि किसी भी तरह की धोखाधड़ी से भी बचा जा सकेगा। निगम प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं कि नागरिक बिना क्यूआर कोड वाली स्लिप पर किसी प्रकार का भुगतान न करे। कोई व्यक्ति भुगतान की मांग करता है तो उससे पहले स्लिप दिखाने को कहें और उसकी वैधता की जांच करें।

# ऋषिकुल विद्यापीठ पहुंचा इटली का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत के भव्य सभागार में इटली से आए छात्र शिक्षक दल का हार्दिक स्वागत किया गया। जिसमें छह छात्राएं तथा एक अध्यापिका दस दिवसीय दौरे पर है। इस अंतर्राष्ट्रीय दौरे का उद्देश्य भारत और इटली के बीच सांस्कृतिक, शैक्षणिक आधारित गतिविधियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। आज के इस सर्वप्रथम ऋषिकुल विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट द्वारा अनुशासित संदेश दिया। तत्पश्चात इटली सांस्कृतिक नृत्य तथा हरियाणवी सांस्कृतिक नृत्य ने अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया तथा थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में मेधावी छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित करवाया गया। इस अवसर विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान भारत की सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा लगभग पिछले 14 वर्षों से अनेक विदेशों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान से विद्यार्थियों को ग्लोबल बनाकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में अग्रणी रहा है। विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने पुष्पमालाओं से अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन किया।





सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ में इटली से आए दल का स्वागत करते हुए।

### भारत-इटली के बीच शैक्षणिक सेतु और मजबूत होंगे

ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने अतिथियों को विद्यार्थियों से परिचित कराया तथा उनका अभिनंदन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने इस शैक्षणिक आदान-प्रदान को छात्रों में रचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने का मुख्य पहलू बताया और कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर से भारत-इटली के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक सेतु ओर मजबूत होंगे।

## स्टेट पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

द्वारका, दिल्ली में आयोजित 9 वीं दिल्ली स्टेट पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल तीन पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में राहुल ने ओपन-1 वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस जीत के साथ राहुल ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया। इसके अतिरिक्त, निखिल ने 47-51 किग्रा वर्ग में और सुमित ने 51-55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता से लौटने पर विद्यालय में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कोच जगमेन्द्र पांचाल, अभिभावकगण व समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। ओमप्रकाश दहिया ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासित अभ्यास का परिणाम है।



जिला बार एसोसिएशन की एक्जीक्यूटिव कमेटी ने लिया निर्णय

# आठ अधिवक्ताओं को डी-बार किया

- चुने हुए पदाधिकारियों के खिलाफ मीटिंग करने और अभद्र व्यवहार का आरोप, अधिवक्ताओं पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, अधिवक्ताओं ने निर्णय को नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बार एसोसिएशन की एक्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा जिला बार एसोसिएशन के आठ सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही की है। कार्यवाही में आठ अधिवक्ताओं को डी-बार किया गया है। साथ ही सभी पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले में अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की कमेटी द्वारा किए निर्णय को नकारते हुए बार प्रधान पर पहले ही डी-बार होने की बात कही है। बता दें कि शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन की तरफ से जारी प्रेस नोट में बार एसोसिएशन के सदस्य राजेश कुमार दहिया, प्रदीप कुमार दहिया, रमन छिल्लर, अजय सिंह गहलावत, जयभगवान शर्मा, राजकुमार पांचाल, अनूप दहिया व विजय इंदौरा को डी-बार करने व सभी पर दो-दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल दूल ने बताया कि उक्त अधिवक्ताओं ने बार चुनाव व चुनाव में चुनकर आए पदाधिकारियों के खिलाफ सात मार्च को बैठक की थी। जिससे बार एसोसिएशन की छवि को धूमिल किया था। वहीं एक अधिवक्ता ने बार पदाधिकारियों के साथ अभद्रता की थी। जिसमें कमेटी की तरफ से उक्त अधिवक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें डी-बार किया गया है। साथ ही सभी पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले में बार एसोसिएशन के प्रधान रहे अनूप दहिया ने बताया कि जो भी कार्यवाही पहले की गई है, वह कार्यवाही बार एसोसिएशन के नियमों के अनुसार की गई थी। कमेटी की तरफ से लगाए आरोप बेबुनियाद है। हाल में प्रधान को कमेटी की तरफ से पहले ही डी-बार किया हुआ है। जबकि ऐसी कमेटी गठित करने का नियम ही गलत है। वहीं अधिवक्ता विजय इंदौरा ने बताया कि इस तरह की बैठक व निर्णय को लेकर कोई जानकारी नहीं है।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद बार प्रधान व पदाधिकारी।

# वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में अफीम की खेती के मामले ने अब तूल पकड़ा

## अशोका यूनिवर्सिटी से जुड़ा नहीं है अफीम खेती का प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई स्थित विश्वविद्यालय में अफीम की खेती का मामला अशोका यूनिवर्सिटी का नहीं था, बल्कि यह मामला वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन का था। इस मामले में हाल ही में तत्कालीन सीआईए इंचार्ज को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच कर रही एसआईटी के समक्ष आरोप लगाए गए थे कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में फूलों के बीच उगाई गई अफीम के मामले में तत्कालीन सीआईए इंचार्ज ने रिश्वत मांगी थी।

बताया जा रहा है कि रुपये लेने के लिए एक वकील को माध्यम बनाया था, लेकिन बाद में वकील ने राशि वापस लौटा दी।

### पुलिस ने 27 मार्च को किया था खुलासा

जानकारी अनुसार सीआईए-1 में नियुक्त एएसआई सुरेंद्र की टीम ने 27 मार्च को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, राई स्थित वल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में अफीम के पौधे उगाने का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने माली उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर के गांव मेघमऊ निवासी संतलाल को गिरफ्तार कर 39 किलो 750 ग्राम वजन के पौधे बरामद किए थे। जांच में सामने आया था कि अफीम के बीज दिल्ली से मंगवाए गए थे। संतलाल के रिमांड के दौरान विवि के प्रशासनिक अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा का नाम सामने आया तो वह भूमिगत हो गया। क्राइम यूनिट-1 की टीम लगातार उसकी तलाश कर रही थी। उसकी लोकेशन पंजाब की मिली थी। इसको लेकर इंस्पेक्टर तेजराम ने विवि प्रबंधन पर आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा को आश्रय देने के आरोप लगाया और मामले में दबाव बनाकर 15 लाख की मांग की।

### पैसे देने के लिए अधिवक्ता को माध्यम बनाया

पैसे देने के लिए अधिवक्ता को माध्यम बनाया गया। संवेदनशील प्रकरण में जांच के लिए डीसीपी प्रबिना पी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया। 5 अप्रैल को गठित एसआईटी में एसीपी अजीत और एसीपी निधि नैन, सीआईए कुंडली प्रभारी जितेंद्र व साइबर सेल प्रभारी को शामिल किया गया था। एसआईटी ने जांच के बाद आरोपित इंस्पेक्टर तेजराम पर 8 मई को राई थाना में मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी अजीत सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के बाद एसीपी निधि नैन की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### कमाई का झासा देकर 6.83 लाख की ठगी

सोनीपत। जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। युवक को कमाई का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना सेक्टर-23 पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ठगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। गांव कामी निवासी केशव ने बताया कि गत 7 मई को उसके मोबाइल नंबर पर टेलीग्राम संदेश आया। उसने उसे कुछ टास्क दिए। उसके बाद उसे एक चैनल ज्वाइन करने के लिए कहा। फिर स्टेप बाय स्टेप करने को कहा गया। जिससे उसे गलत ट्रेड हो गई। उसका अकाउंट फ्रीज हो गया।

### बार-बार चुनाव होने से विकास बाधित

**खरखौदा।** दिल्ली रोड स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ मौजूद रहे। जबकि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि और विधायक पवन खरखौदा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से न सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में पिछले एक वर्ष में तीन चुनाव कराए गए, जिससे राज्य का 40% विकास बजट खर्च ही नहीं हो पाया।

### कन्या गुरुकुल आवासीय शिविर कल से

**बहादुरगढ़।** रविवार 18 मई को गांव लोवा कलां स्थित रंजीत स्मारक शांति निकेतन कन्या गुरुकुल में 8 दिवसीय निःशुल्क आवासीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला प्रधान आर्य हरिओउ्म दलाल ने बताया कि आर्य केंद्रीय सभा बहादुरगढ़ के सौजन्य से गुरुकुल की प्राचार्या डा. राजन मान के सरंक्षण में यह शिविर लगेगा। कैंप में बालिकाओं को आत्मरक्षा, व्यक्तित्व विकास, योग, व्यायाम, यज्ञ, संस्कृत संभाषण, आदर्श चरित्र निर्माण आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह 8 दिवसीय शिविर पूर्ण रूप से निःशुल्क और आवासीय होगा।

### खेलो इंडिया में साहिल नितिन ने जीते गोल्ड

**बहादुरगढ़।** बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए अखाड़े के दो पहलवानों ने अपने भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीते। इनकी जीत पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। अखाड़े में लौटने पर इनका जोरदार अभिनंदन किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए कोच जयवीर ने बताया कि बिहार के पटना में 11 से 14 अप्रैल तक ये खेल हुए थे। खेलों की कुश्ती स्पर्धा में हमारे अखाड़े के साहिल और नितिन ने जोर आजमाइश करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। साहिल ने 55 केजी फ्री स्टाइल के फाइनल में दिल्ली के पहलवान को हराकर गोल्ड पर कब्जा जमाया। वहीं 92 केजी ग्रीको रोमन में नितिन ने गोल्ड जीता। नितिन ने फाइनल में तेलंगाना के पहलवान को शिकस्त दी।

## उपायुक्त ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक ली

# आयोजन स्थल के बाहर साफ सफाई करवाने के दिए आदेश

*कल राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे शिरकत*

**गुरु गोरखनाथ प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में नई अनाज मण्डी में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक करते अधिकारीगण। *फोटो :हरिभूमि*

संत महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत हरियाणा सरकार द्वारा 18 मई को गुरू गोरखनाथ प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में शहर के रोहतक रोड स्थित नई अनाज मण्डी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों तेजी से पूरी की जा रही है। इसी कड़ी में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। उन्होंने मार्केट कमेटी की सचिव को आयोजन स्थल की सफाई तथा नगर निगम के अधिकारियों को आयोजन स्थल के बाहर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के तहत टेंट की व्यवस्था, लोगों के बैठने के साथ पेयजल व शौचालय की व्यवस्था, पार्किंग, वीआईपी शौचालय, रोड की मरम्मत, हेलीपैड का निर्माण, बैरिकेडिंग, मीडिया गैलरी, मंच निर्माण इत्यादि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। अन्य विभागीय अधिकारियों को भी पूर्ण सहयोग के निर्देश देतेविभिन्न प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त हर्षित , डीसीपी कुशल सिंह, नगराधीश डॉ.अनमोल, सीईओ जिला परिषद अभय सिंह जांगडा, एसीपी जीत सिंह, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, डीआईओ विशाल, तहसीलदार जीवेन्द्र कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन पंकज आदि मौजूद थे।

# गांव टेहा के राजकीय स्कूल में मिड-डे मील की गुणवत्ता जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


मिड डे मील की व्यवस्थाओं की जांच करते कष्ट निवारण समिति के सदस्य दिनेश स्वामी।

राजकीय प्राइमरी स्कूल का शुक्रवार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा, पूर्व जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सोनीपत और सदस्य ग्रीवेंस कमेटी सोनीपत दिनेश स्वामी अपने गांव के स्कूल में मिड डे मील चेक किया। जांच के दौरान बहुत ही अच्छी क्वालिटी का मिड डे मीड मिला और स्कूल के हेड मास्टर बृजपाल व अध्यापक राकेश, रामकिशन ने बताया कि खाने में कभी भी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाती । दिनेश स्वामी ने स्कूल प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मिड डे मील योजना का उद्देश्य बच्चों को पोषण प्रदान करना है। उन्होंने बच्चों से भी बातचीत की और खाने की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शुभम प्रथम व छात्रा अनन्या द्वितीय

- डेंगू दिवस पर जेएलएन विद्यालय में सेमिनार तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू दिवस पर शुक्रवार को जेएलएन विद्यालय में सेमिनार तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की । अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। मुख्य वक्ता स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल ऑफिसर डॉ. चक्रवर्ती शर्मा ने कहा कि तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, उल्टियां व कमजोरी आना डेंगू के लक्षण हैं। मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया आदि से बचने के लिए सबसे पहले महत्वपूर्ण कार्य है कि हम मच्छर को पैदा ही न होने दें। सप्ताह में एक बार पानी की टंकियों, कूलरों, गमलों, शौचालयों, बेकार टायरों, पशु-पक्षियों के पानी पीने के बर्तनों व अन्य पानी के स्त्रोतों को खाली करें। विषय संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं नॉन मेडिकल के छात्र शुभम पुत्र विनोद प्रथम, कक्षाा 10वीं की छात्रा अनन्या द्वितीय व कक्षा 12वीं मेडिकल संकाय के छात्र यश तृतीय रहे।

# ट्रेन के आगे युवक को धक्का देकर हत्या के दोषी को उम्रकैद

- अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, अदा न करने पर अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर ट्रेन के नीचे युवक को धक्का देकर हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश वानी गोपाल शर्मा की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वार्ड नंबर-1 जटवाड़ा निवासी कुलदीप ने 30 नवंबर 2022 को राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत में शिकायत देकर बताया था कि वह खेती बाड़ी का कार्य करता है। वह देर शाम को बिल्लू मुर्गी फार्म नजदीक रेलवे लाइन के बाहर दीपक खत्री के साथ गेट के पास बैठे हुए थे। गेट के सामने से मुकेश (20) निवासी बस्ती जटवाड़ा व मन्नू निवासी घेवरा मोड़ कंझावला दिल्ली आपस में बातचीत करते हुए जा रहे थे कि आज पहले कौन मरता है। यह कहते हुए रेलवे लाइनों के पास खड़े हो गए। उसी दौरान पानीपत की तरफ से रेलवे लाइन पर मालगाड़ी जा रही थी। वहीं दूसरी तरफ से दिल्ली से पानीपत की तरफ पैसेंजर गाड़ी आ गई। मन्नू ने मुकेश को ट्रेन के नीचे धक्का दे दिया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित वारदात के बाद फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस सोनीपत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। कार्रवाई करते पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था।

# साधक व साधिकाओं को योगासन करवाए

*लेडीज पार्क में चल रही निशुल्क योग कक्षा में किया सामान्य अभ्यासक्रम*

- सहनशीलता-जागरूकता बढ़ाकर लिगामेंट्स को बेहतर करता है वृक्षासन : गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** लेडीज पार्क में योग कक्षाएं करवाते शिक्षक। *फोटो :हरिभूमि*

मिशन फिट सोनीपत के तहत लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा मॉडल टाउन सोनीपत स्थित लेडीज पार्क में चल रही निशुल्क योग कक्षा में ग्यारहवें विश्व योग दिवस के सामान्य अभ्यासक्रम के दौरान उपस्थित साधक व साधिकाओं को योगासन करवाए गए। इस दौरान वृक्षासन का अभ्यास करवाते हुए योग शिक्षक सतवीर गौतम ने बताया कि इस आसन के नियमित अभ्यास से साधक साधिकाओं की सहनशीलता व जागरूकता बढ़ती है। इसके अभ्यास में दोनों पैरों को लगभग 2 इंच दूरी पर सीधे रखकर सीधे खड़े होकर आंखों को किसी एक बिंदु पर एकाग्र करके सांसों को बाहर छोड़ते हुए दाएं पैर को मोड़कर उसके पंजे को बाएं पैर की अंदरूनी जांघ पर रखा जाता है। सांस को अंदर लेकर दोनों हाथों को ऊपर की ओर ले जाकर दोनों हाथों की हथेलियों को जोड़ना चाहिए। यथासंभव रुककर सांस को बाहर छोड़ते हुए हाथों व दाएं पैर को मूल अवस्था में वापिस लाना चाहिए। यही अभ्यास पुनः बाएं पैर से करना चाहिए। इसके नियमित अभ्यास से तंत्रिका से संबंधित स्नायुयों को बेहतर व शरीर को संतुलित बनाया जा सकता है। मोटापे होने, चक्कर आने व आर्थराइटिस से पीड़ित रोगियों को किसी योग विशेषज्ञ की देखरेख व सलाह के अनुसार ही इस आसन का अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के प्रधान लक्ष्मीनारायण, उपप्रधान मोहिन्दरपाल, मीडिया प्रभारी रणसिंह राणा, योगी सावन, बलवान सिंह, वीना, कविता, वीना, सविता, सुनीता, बाला आदि उपस्थित रहे।

# सेना का मनोबल तोड़ने वाला बयान देने पर मध्य प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री को देना चाहिए तुरंत इस्तीफा: दीपेंद्र

- दीपेन्द्र हुड्डा विभिन्न स्थानों पर पहुंचें और लोगों का हाल-चाल जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा साथ में अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज सोनीपत में विभिन्न स्थानों पर पहुंचें और लोगों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल पूछा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार के उपमुख्यमंत्री का शर्मनाक बयान हमारे सशस्त्र बलों के लिए बेहद अपमानजनक है। हिंदुस्तान की पराक्रमी सेना को किसी व्यक्ति विशेष के आगे नतमस्तक करके बीजेपी के नेता क्या सेना का मनोबल नहीं तोड़ रहे हैं? उन्होंने कहा कि एक सैनिक केवल भारत माता के चरणों में शीश झुकाता है, किसी व्यक्ति के नहीं। बीजेपी के नेताओं को सेना के बारे में अभद्र टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। ये किसी राजनीतिक दल या विचारधारा की सेना नहीं, भारत देश की सेना है। हमारे देश की सेना पर हम सभी को गर्व है। इस सेना ने 1971 में पाकिस्तान के 2 टुकड़े किए, चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया, कारगिल की पहाड़ियों पर पाकिस्तान का शीश झुकाने वाली सेना है। इस सेना ने कभी हिंदुस्तान का सिर झुकने नहीं दिया। किसी व्यक्ति या पार्टी से देश की सेना की तुलना करना देश को कतई स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दिनों भाजपा के एक मंत्री ने सेना की एक महिला अधिकारी के खिलाफ अशोभनीय बात कही जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सोनीपत सांसद पं. सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, मनोज रिढ़ाऊ, कमल हसीजा आदि मौजूद रहे।

# शुद्ध-पौष्टिक भोजन स्वस्थ जीवन की मूलभूत जरूरत : यशपाल आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


**खरखौदा।** शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन पर व्याख्यान देते यशपाल आर्य। **फोटो :हरिभूमि**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य संदीप कुमार अहलावत ने की। स्पीकर एवं संसाधन व्यक्ति के तौर पर आरोग्य भारती से यशपाल आर्य ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जैसा कि हमारे वेद पुराणों में भी बताया गया है। मोटा अनाज का सेवन करने से और समय पर सही मात्रा में शुद्ध व घर का बना भोजन खाने से हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। भोजन करते समय मोबाइल फोन व टीवी इत्यादि का प्रयोग न करें। व्यापारिक प्रचार से प्रभावित होकर अपने भोजन का चयन न करें। प्रातः सूर्योदय से पहले उठे। मौसम के अनुसार भोजन की थाली में सब्जियों का इस्तेमाल करें। विवाह आदि समारोहों में भोजन झूठा ना छोड़ें। गर्मियों में गन्ने के रस, नींबू पानी का सेवन करें। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होगा और देश तरक्की करेगा।

**कार्यक्रम** | **प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय किश्त जारी करने से पात्रों में खुशी**

# विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 16 लाभार्थियों को 13.20 लाख रुपये के बांटे चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान लाभार्थियों को चेक वितरित करते हुए।

हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शुक्रवार को नपा कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) स्कीम के तहत नपा एरिया के करीब 16 लाभार्थियों को घर बनाने के लिए 13.20 लाख रुपये की राशि के चेक बांटे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय किश्त जारी करने से पात्र परिवारों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लाभार्थियों के खातों में आवास निर्माण की राशि स्थानांतरण होने से अब इनके आवास का निर्माण पूरा हो सकेगा। इसमें 3 को पहली किस्त, 9 को दूसरी और 4 को तीसरी किश्त जारी हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा चेयरमैन अरुण त्यागी ने की। इससे पहले नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, सचिव प्रदीप खर्ब ने विधायक देवेंद्र कादियान का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत जरूरतमंद परिवार को मकान बनाने के लिए ढाई लाख की राशि तीन किस्तों में उपलब्ध कराई जाती है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों को अब पक्का मकान मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति बिना छत के न रहें, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा योजना चलाई जा रही। जो लाभार्थी है उसको इस योजना का लाभ पहुंच रहा है। कादियान ने कहा कि पीएम आवास योजना को लेकर ओर भी बहुत लोगों ने आवेदन किया है, अधिकारियों की तरफ से जांच होने पर पात्र लोगों को जल्द ही अपना मकान हो पक्का, इसके लिए किस्त जारी की जाएगी। सरकार की हर देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जो उम्मीद थी, उसका डबल करके दिखाया है। अब तिरंगा यात्रा निकाल कर उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने और फौजियों का हौसला बढ़ाने के लिए काम कर रहे है। नपा प्रशासन को आने वाले मानसून में पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए है। पूर्व नपा वाइस चेयरमैन दिनेश मौजूद रहे।

# अकाउंटिंग के क्षेत्र में टैली अत्यंत उपयोगी सॉफ्टवेयर : डॉ विक्रम

- शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


**खरखौदा।** साफ्टवेयर टैली की जानकारी लेते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा के वाणिज्य विभाग द्वारा शुक्रवार को टैली – एक परिचय विषय पर हाइब्रिड मोड में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता सीए परिक्षित थे, जो वर्तमान में विनय कॉर्पोरेशन, कुंडली में हेड, इनडायरेक्ट टैक्सेस के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने टैली सॉफ्टवेयर की मूलभूत विशेषताओं, इसके व्यावसायिक उपयोग तथा व्यावसायिक लेखांकन में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत जानकारी साझा की। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तराना नेगी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को इस तरह के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में तकनीकी दक्षता आवश्यक है। विभागाध्यक्ष किरण चौहान, डॉ. विक्रम, डॉ. प्रियंका व राजेश भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डॉ. विक्रम ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और टैली की महत्ता पर प्रकाश डालते बताया कि ये सॉफ्टवेयर अकाउंटिंग क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी है और इसके ज्ञान से विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### जितेंद्र छिक्कारा को सौंपी निदेशक की जिम्मेदारी

**सोनीपत।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा ने प्रदेश भर में संचालित और संबद्ध वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की आर्य शिक्षण संस्थाओं के संचालन और निगरानी के लिए सेवानिवृत्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा को स्कूल निदेशक नियुक्त किया है। सभा की बैठक में छिक्कारा की नियुक्ति का प्रस्ताव पास किया गया। नवनियुक्त निदेशक छिक्कारा ने इस नियुक्ति पर सभा का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया है कि जो जिम्मेदारी सभा ने उन्हें सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, डीपीसी सुजाता खत्री, एपीसी अतर सिंह और रूपेंद्र सिंह पूनिया ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जुआं गांव के जितेंद्र छिक्कारा ने शिक्षक से जिला शिक्षा अधिकारी तक के अपने सफर के दौरान काफी सराहनीय कार्य किए हैं।

# तैराकी चैम्पियनशिप 2025 में ब्राइट स्कॉलर के तैराकों ने जीते कई पदक

## एचएल सिटी बहादुरगढ़ में प्रतियोगिता का आयोजन, प्राचार्या ने विजेताओं को दी बधाई

- त्रिशा- 50 मीटर एफआर, 50 मीटर बी-फ्लाई, 4×50 मीटर एफ/एस मिक्स रिले (एक स्वर्ण, दो कांस्य), पदक मिले।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीएए प्रथम आमंत्रण तैराकी चैम्पियनशिप 2025 में ब्राइट स्कॉलर स्कूल के तैराकों ने पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन एचएल सिटी बहादुरगढ़ में 11 मई 2025 को हुआ। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए त्रिशा- 50 मीटर एफआर, 50 मीटर बी-फ्लाई, 4×50 मीटर एफ/एस मिक्स रिले (1 स्वर्ण, 2 कांस्य), अगस्त्य भानवाला- 50 मीटर एफ/एस, 4×50 मीटर मिक्स रिले (1 स्वर्ण, 1 कांस्य), इराज सहरावत- 50 मीटर, 100 मीटर एफ/एस, 100 मीटर बी-फ्लाई, 200 मीटर आईएम, 4×50 मीटर एफ/एस मिक्स रिले (5 स्वर्ण), सर्वश्रेष्ठ तैराक भी घोषित किया गया।

अनव मलिक- 50 मीटर बी-फ्लाई, 50 मीटर, 100 मीटर बीके, 200 मीटर आईएम, 4×50 मीटर एफ/एस मिक्स रिले (3 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य), युवराज- 50 मीटर, 100 मीटर बीआर (1 रजत, 1 कांस्य), दक्ष राठी- 100 मीटर बी-फ्लाई, 100, 200 मीटर एफ/एस, 200 मीटर आईएम (3 रजत, 1 कांस्य), अयानवीर खत्री- 100 मीटर एफ/एस, 100 मीटर बी-फ्लाई, 200 आईएम, 50 मीटर एफ/एस (2 रजत, 2 कांस्य), काव्या शर्मा- 100 मीटर, 200 मीटर बीआर (1 स्वर्ण, 1 रजत), प्रांजल- 100 मीटर बी-फ्लाई, 100 मीटर, 200 मीटर एफ/एस, 200 मीटर आईएम (2 स्वर्ण, 2 रजत), विवान खत्री- 4×50 मीटर एफ/एस मिक्स रिले (1 स्वर्ण), सोनित सरोहा- 4×50 मीटर एफ/एस मिक्स रिले (1स्वर्ण) जीते। प्राचार्या डॉ किरण दलाल ने विजेताओं को बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। पदक विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं कोच। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय अंडर-17 सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**सोनीपत।** जिला स्तरीय अंडर-17 सुब्रतो फुटबॉल बालक व बालिका जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन शुक्रवार से स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल, सोनीपत में शुरू हो गया है। 18 मई तक प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता निदेशक, सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा, पंचकूला के आदेश अनुसार करवाई जा रही है। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ी वे होंगे जो 1 जनवरी 2009 या उसके बाद जन्मे हो। प्रतियोगिता की सफल संचालन हेतु विभिन्न स्कूलों के अनुभवी शारीरिक शिक्षा अध्यापकों (पीईटी), कोच व डीपीई की ड्यूटी लगाई गई है। इन अधिकारियों में सुरेंद्र दलाल, विपुल, अंजू, नवीन मलिक, अनिल कुमार, केके सांगवान, अनिल धुल, प्रवीण कुमार और विपिन प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस आयोजन से जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। डीईओ ने संबंधित बीईओ से आग्रह किया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को कार्यभार से मुक्त कर नियत समय पर आयोजन स्थल पर रिपोर्ट करने हेतु निर्देशित करें।



राई। जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों के लिए विदाई पार्टी में छात्रों के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# जूनियर ने दी सीनियर्स को भावभीनी विदाई

- रेणु विद्या मंदिर में विदाई पार्टी का आयोजन
- छात्रों ने अपने साथियों और अध्यापकों का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रेणु विद्या मंदिर (विशेष शिक्षा, व्यावसायिक पुनर्वास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान) के सभागार में जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। छात्रों और अध्यापकों ने मिलकर प्यार, हँसी और अविस्मरणीय यादों के साथ समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम में लाइव संगीत, गौरमे बुफे, मनोरंजन, फोटो बूथ और खेल व पुरस्कारों की रोमांचक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके संघर्ष और सफलता की सराहना की। छात्रों ने अपने साथियों और अध्यापकों का आभार व्यक्त किया तथा सीनियर्स को उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन सभी के बीच एकता और स्नेह के संदेश के साथ हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने छात्रों को भविष्य में खूब मेहनत करने और जीवन में अच्छाइयों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुरूप मेहनत करें। जीवन सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है।



गोहाना। अतिथि और चिकित्सकों को सम्मानित करते हुए एमडी आशीष गोयल।

# विशेषज्ञों ने शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिचपड़ी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित
- शिविर में एनसी मेडिकल कॉलेज, इसराना से सीएमओ डॉ. आशीष बजाज की टीम मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव बिचपड़ी स्थित सरस्वती विद्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञों ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। मुख्य अतिथि सरपंच राजेश देवी सरपंच व जस्सा प्रधान थे। अध्यक्षता विद्यालय के एमडी आशीष गोयल ने की।

#### स्वास्थ्य अमूल्य धन

शिविर में एनसी मेडिकल कॉलेज, इसराना से सीएमओ डॉ. आशीष बजाज की टीम मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची। सीएमओ डॉ. आशीष ने कहा कि जीवन में स्वास्थ्य सबसे अमूल्य धन है। अगर स्वास्थ्य सही नहीं है तो बाकी सारे सुख बेकार हैं। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. दृष्टि, हृद्य रोग विशेषा डॉ. अनिता, स्त्री रोग विशेषज्ञ शगुन और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चिनम ने अपनी सेवाएं दी।

# खाद्य प्रदार्थ सुरक्षा और मिलावट जागरुकता पर सेमिनार आयोजित

**राई।** युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग की तरफ से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेवड़ा में खाद्य प्रदार्थ सुरक्षा और मिलावट जागरुकता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एस आर एम विश्व विद्यालय के प्रोफेसर डॉ. योगेश कुमार व विशिष्ट अतिथि राई हल्का मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल खेवड़ा ने शिरकत की। प्रोफेसर डॉ. योगेश कुमार ने कहा कि बच्चों को दैनिक जीवन में संतुलित आहार और इससे मिलने वाले पोषक तत्वों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने मिलावट के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक करते हुए बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचने के लिए उपभोक्ताओं को सतर्क रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राई हल्का मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल खेवड़ा ने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए स्वच्छ और संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सके। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के इंचार्ज सुभाष पांचाल ने भी खाद्य पदार्थ की सुरक्षा और इसका महत्त्व के बारे में बताया। इस अवसर पर विजेंद्र कुमार, लिपिक तुषार राठी व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



राई। राई हल्का मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल खेवड़ा का इंचार्ज सुभाष पांचाल पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली जागरूकता रैली





सोनीपत। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

- रैली को जिला नोडल अधिकारी ने रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया। विभाग की तरफ से नागरिक अस्पताल परिसर से एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली को जिला नोडल अधिकारी डा. आशा सहरावत ने रवाना किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने रैली बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली विवेकानंद चौक से होते हुए जनता चौक और गलियों से गुजरी। रैली में लोगों को बताया गया, पानी खड़ा होगा जहां, मच्छर पनपेगा वहां, सप्ताह में एक दिन कूलर खाली करो, के नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।

वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभु नगर स्थित नवयुग स्कूल पहुंची। डा. आशा सहरावत ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को डेंगू, मलेरिया और वेक्टर जनित रोगों से बचाव की जानकारी दी। जैव वैज्ञानिकों ने बच्चों को मच्छरों की प्रजातियों और डेंगू फैलाने वाले कारणों के बारे में बताया। बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई। विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से इनाम दिए गए। डॉ. आशा सहरावत ने बताया कि डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है। इससे बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें। रात को मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास पानी जमा न होने दें। ठहरे पानी में तेल डालें। हर सप्ताह कूलर, हौदी, टंकी, गमले, पक्षियों के पानी के बर्तन आदि खाली कर सुखाएं और फिर इस्तेमाल करें। बुखार होने पर तुरंत नागरिक अस्पताल में जाकर खून की जांच कराएं। खुद से दवा न लें।

# रुकमिणि देवी स्कूल के छात्रों ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

रुकमिणि देवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने बताया कि स्कूल का परिणाम शिक्षा में उसकी गुणवता और अनुशासन को दर्शात हैं।

कक्षा 10वीं में तुलिका ने 96.6 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान, अंकुर कुमार ने 95.4 फीसदी अंकों से द्वितीय स्थान, आयुष कुमार ने 89.8 फीसदी अंकों से तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कला संकाय में दिशिता ने 96.6 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में माही ने 88.4 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया विज्ञान संकाय में आदित्य ने 89 फीसदी अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, यह सफलता शिक्षकों, विद्यार्थियों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



# गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर केक कटिंग सेरेमनी आयोजित


सोनीपत ▶▶| राई

गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 10वीं व 12वीं के उत्कृष्ट परिणाम पर एक केक कटिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इस अवसर पर सभी सफल छात्रों को सम्मानित किया गया और उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। स्कूल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राहुल मंगला, प्रधानाचार्य डॉ. प्रेम कुमार ओझा और उप प्रधानाचार्या डॉ. रिंपी वर्मा ने सभी छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्हें इस अवसर पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है और हमें उन पर गर्व है। इस अवसर पर छात्रों ने अपने माता-पिता और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की। केक कटिंग सेरेमनी के दौरान छात्रों और उनके माता-पिता ने जमकर मस्ती की।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## न्यू जीवन नगर में कार्यक्रम का आयोजन

# भागवत कथा के श्रवण मात्र से खुल जाते हैं मोक्ष के द्वार : विधायक मदान

सोनीपत ▶▶| सोनीपत

न्यू जीवन नगर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शुक्रवार को विधायक निखिल मदान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। विधायक ने श्री नवदुर्गा शक्ति पीठ के 13वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भागवत कथा में पहुंचकर सभी भक्तों को अपनी शुभकामनाएं दी और भागवत कथा का श्रवण किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत शहर का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है और सोनीपत पौराणिक नगरी रही है। यहां के लोगों की धर्म के प्रति आस्था युगों युगों से चली आ रही है। यहां तक कि द्वापरयुग में भी भगवान श्री कृष्ण ने हरियाणा की भूमि को धर्मनगरी के रूप में चुना। विधायक निखिल मदान ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी के मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। इस अवसर पर कथा व्यास पंडित गणेश चंद्र शास्त्री ने माला पहनाकर विधायक निखिल मदान को आशीर्वाद दिया।



सोनीपत। भागवत कथा में कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त करते विधायक निखिल मदान। फोटो : हरिभूमि

#### परीक्षित जन्मवृतांत सुनाया

कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को परीक्षित जन्मवृतांत, श्रीशुक्रदेव आगमन का प्रसंग सुनाकर भाव विभोर कर दिया।

इसके बाद विधायक निखिल मदान ने इंडियन कॉलोनी में चल रही भागवत कथा में भी भाग लिया और सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी।

South Point
GROUP OF INSTITUTIONS, SONIPAT
Run by Mange Ram Educational and Charitable Trust (Regd.)
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910
Direct Admission
ADMISSIONS OPEN
www.southpoint.net.in
SOUTH POINT INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
B.Tech / LEET (CSE, ECE, MECHANICAL, CIVIL)
M.Tech (CSE, ECE) ● M.Tech Part Time (ECE / CSE)
SOUTH POINT SCHOOL OF POLYTECHNIC
Diploma / LEET (CSE, ECE, ELECTRICAL, MECHANICAL, CIVIL, MLT)
SOUTH POINT SCHOOL OF COMPUTER APPLICATION & MANAGEMENT
BBA, BCA, MBA, MCA
SOUTH POINT COLLEGE OF LAW B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM (Hons.)
SOUTH POINT DEGREE COLLEGE
B.A., B.Sc. (Medical/Non-Medical), B.Com, M.Com, PGD (Yoga)
M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths) ● M.A. (English, Hindi, History, Pol. Science)
SOUTH POINT P.G. COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed., M.Ed., JBT / D.Ed., B.P.Ed.
MANGE RAM WOMEN'S COLLEGE OF EDUCATION B.Ed.
SOUTH POINT COLLEGE OF PHARMACY
D.Pharm, B.Pharm, B. Pharm / Leet
MANGE RAM COLLEGE OF PHARMACY D.Pharm
SOUTH POINT COLLEGE OF NURSING
B.Sc. (Nursing)
SOUTH POINT WORLD SCHOOL
SOUTH POINT PUBLIC SCHOOL
CBSE Affiliated, Senior Secondary Schools



DILBAG S. KHATRI
Chairman